Fast फारवर्ड

रेल को बुरी हालत में पहुंचाया, अब होगी बिक्री : प्रियंका

नई दिल्ली. ए. रेलवे का परिचालन खर्च 10 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाने से जुड़ी रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने भारतीय रेल को बुरी स्थिति में ला दिया है और अब वह इसे बेचना आरंभ कर देगी. उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है. अब भाजपा सरकार ने भारतीय रेल को भी सबसे बुरी हालत में लाकर खड़ा कर दिया है.' प्रियंका ने दावा किया, 'कुछ दिनों बाद बाकी सरकारी उपक्रमों की तरह भाजपा सरकार रेलवे को भी बेचना शुरू कर देगी.....क्योंकि भाजपा सरकार का स्किल बनाना नहीं, बेचना है.

सरकार का घमंड तोड़ेगी कांग्रेस की दिल्ली रैली : गहलोत

जयपुर. ए. राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस की 14 दिसंबर को प्रस्तावित दिल्ली रैली केंद्र की भाजपा नीत सरकार का घमंड तोड़ देगी. कांग्रेस ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आहूत की है जिसमें देश भर से उसके कार्यकर्ता भाग लेंगे. इस बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने कहा, 'मैं समझता हूं कि सरकार का जो उनका अहम और घमंड है वह तोड़ने के लिए यह रैली बहुत कारगर साबित होगी.'

उत्तराखंड विस का शीतकालीन सत्र आज से

देहरादून. ए. उत्तराखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो रहा है जिसमें राज्य सरकार चारधाम श्राइन बोर्ड के गठन से संबंधित विधेयक सहित कई अन्य विधेयक पेश करेगी.
आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दस दिसंबर तक चलने वाले इस पांच दिवसीय सत्र के दौरान पूर्व मुख्यमंत्रियों की सुविधायें बहाल करने तथा मंत्रियों के आयकर भुगतान से संबंधित विधेयक भी पेश किये जा सकते हैं.

प्याज पर चर्चा की इजाजत नहीं विपक्ष का बहिर्गमन

नई दिल्ली. ए. दिल्ली विधानसभा में प्याज के बढ़ते दामों को लेकर सदन में चर्चा चाह रहे भाजपा विधायकों की मांग को मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ने खारिज कर दिया. इसके बाद भी अपनी मांग पर अड़े रहे विपक्ष के नेता विजेंदर गुप्ता को मार्शलों ने सदन से बाहर कर दिया, जिसपर पार्टी के दूसरे विधायक भी सदन से बहिर्गमन कर गए. विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने आरोप लगाया कि गुप्ता ने कथित तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में आपूर्ति किये जा रहे गंदे पानी के खिलाफ प्रदर्शन के लिये विधानसभा में 10-15 महिलाओं के समूह को आने की मंजूरी दी. इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों में तीखी बहस हुई.

भाजपा ने नक्सलवाद की कमर तोड़ी

◆ एजेंसी। जमशेदपुर/खूंटी.
www.navabharat.org

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि भाजपा आदिवासी हितों की रक्षा करने और आदिवासियों के गौरव को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है. मोदी ने खूंटी में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बातें कही. श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिस प्रकार से नक्सलवाद की कमर तोड़ी है, उससे डर का माहौल कम हुआ है. उन्होंने कहा कि आदिवासियों के जल,जंगल और जमीन के अधिकार पर कोई आंच नही है और न आने दी जाएगी. नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जमशेदपुर में मुख्यमंत्री रघुवर दास के लिए आयोजित चुनावी रैली में आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने देश को लूटा है जबकि भाजपा की सरकार ने देश को लौटाया है. मोदी ने कहा कि देश की जनता ने मोदी को कठोर निर्णय लेने के लिए चुना है और वह राजनीतिक गणित नहीं जानते हैं. सिर्फ देश हित में फैसले कर रहे हैं. झारखंड विधानसभा चुनाव के पांचों चरण की मतगणना एक साथ 23 दिसंबर को की जाएगी.

बयान

◆ कांग्रेस ने देश को लूटा है जबकि हमने लौटाया : मोदी

◆ भाजपा आदिवासी हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध

झारखंड के विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हुए पीएम ने कहा कि पांच साल पहले उनके शासन के दौरान राज्य से केवल भ्रष्टाचार एवं लूट की खबरें आती थीं. प्रधानमंत्री ने यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस के कई नेताओं के खिलाफ अब भी भ्रष्टाचार के मामले में मुकदमा चल रहा है. रांची के गैतल सूद बांध और धुर्वा बांध में देश के सबसे बड़े तैरते सोलर पैनल सरकार बनाने जा रही है. उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी नजर केवल यहां के प्राकृतिक संसाधनों के लूट पर है.

आदिवासी क्षेत्रों के विकास पर जोर देने बनाए राज्य

झारखंड गठन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सराहना करते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए ही वर्ष 2000 में झारखंड और छत्तीसगढ़ का गठन किया गया और पहली बार अलग केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय बनाया गया जिसके मंत्री वर्तमान में खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा है. मोदी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में आदिवासी समुदाय के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा 'जिला मिनरल फंड' की व्यवस्था की गई और इसके तहत झारखंड को पांच हजार करोड़ की राशि दी गई है जिससे आदिवासी इलाकों में बच्चों के लिए स्कूल-कॉलेज समेत अस्पताल एवं रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे.

अलका लांबा की फोटो के साथ छेड़छाड़

नई दिल्ली. ए. दिल्ली के चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र से विधायक अलका लांबा ने उनकी फोटो के साथ छेड़छाड़ कर फेसबुक पर अश्लील कमेंट्स करने वाले शख्स के खिलाफ सिविल लाइन्स थाने में शिकायत दर्ज कराई है. अलका लांबा ने इसकी जानकारी फेसबुक लाइव के जरिए दी. उन्होंने बताया कि उनकी फोटो के साथ छेड़छाड़ कर कोई शख्स अभद्र टिप्पणियां कर रहा था. उसके खिलाफ आज उन्होंने सिविल लाइन्स थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है. अलका लांबा ने बताया कि यह एफआईआर उन्होंने इसलिए दर्ज कराई ताकि ये मिसाल बने और समाज में बेटियों और बहनों को इस तरह के लोगों के खिलाफ किस तरह का एक्शन लेना चाहिए इसकी प्रेरणा मिले.

हरियाणा में फिर से जाट आरक्षण आंदोलन की सुगबुगाहट

◆ एजेंसी। चंडीगढ़.
www.navabharat.org

हरियाणा में जाट आरक्षण आंदोलन की सुगबुगाहट एक बार फिर से शुरू हो गई है. तकरीबन साढ़े तीन साल बाद जमानत पर जेल से रिहा हुए फरवरी 2016 आरक्षण हिंसा के आरोपियों ने इस तरह के संकेत दिए हैं. पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के आवास पर आगजनी और तोडफोड के आरोपी युवा जाट नेता मनोज दूहन और सुदीप कलकल ने एबीपी न्यूज से बातचीत करते हुए कहा कि जाट आरक्षण की मांग को लेकर अब पीछे नहीं हटा जा सकता.

सरकार से दोबारा मांग की जाएगी और बातचीत के जरिए समाधान की कोशिश करेंगे. उन्होंने कहा कि अगर अब भी सरकार ने जाट समाज की मांगों पर गौर नहीं किया तो फिर से आंदोलन हो सकता है. इसपरबातचीत करते हुए इन दोनों युवा जाट नेताओं ने साफ तौर पर कहा कि फिलहाल वे समाज के लोगों से मिल रहे हैं और जल्द ही आगे की रणनीति तय करेंगे.

आंदोलन

◆ जेल से निकले नेताओं ने दिए संकेत

◆ नेताओं ने कहा कि फिलहाल समाज के लोगों से मिल रहे हैं

मांगे पूरी नहीं होने पर एक्शन

आरक्षण को लेकर कहा कि जिस मुद्दे को लेकर समाज ने इतना संघर्ष किया, उसे ऐसे ही बीच मझधार में नहीं छोड़ा जा सकता. सरकार ने अगर जाट समाज की इस मांग को जल्द पूरा नहीं किया तो आंदोलन ही आखिरी रास्ता होगा. अपनी मांगों को लेकर कोई भी आंदोलन या धरना-प्रदर्शन करने का अधिकार हमें संविधान से मिला है और संवैधानिक तरीके से दोबारा आंदोलन खड़ा किया जा सकता है.

झारखंड विधानसभा चुनाव 2019

आंकड़े एक नजर में

दूसरा चरण

मतदान तिथि: 7 दिसंबर

विधानसभा में कुल सीटें:	81
दूसरे चरण में सीटों पर मतदान:	20
मतदान केन्द्र:	6,066
ईवीएम: बैलेट यूनिट-	9,788
कंट्रोल यूनिट-	7,583
वीवीपैट-	7,886

प्रत्याशी
कुल: 260
पुरुष: 231 | महिला: 29

मतदाता नुसार सबसे बड़ा और छोटा चुनाव क्षेत्र:
जमशेदपुर पश्चिम (3,56,965) | जगन्नाथपुर (1,74,337)

सर्वाधिक और सबसे कम प्रत्याशियों वाला चुनाव क्षेत्र
जमशेदपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम (20) | सरायकेला (7)

जनसंख्या

कुल (अनुमान 2019)	76,67,871
पुरुष	38,47,006
महिला	38,20,865

मतदाता

कुल	48,25,038
पुरुष	24,31,511
महिला	23,93,437
तीसरा लिंग	90
प्रवासी मतदाता:	5
सेवारत मतदाता:	10,492

चुनावी फोटो पहचान पत्र जारी 100%

मतदाताओं का आयु वर्ग

18-25 वर्ष	8,13,922	40-60 वर्ष	15,22,108
25-40 वर्ष	19,34,329	>60 वर्ष	5,54,679

विभिन्न दलों के प्रत्याशी

स्रोत: भारत निर्वाचन आयोग

सुप्रिया सुले बोलीं-

मेरे पिता ने पीएम मोदी को विनम्रतापूर्वक ना कह दिया

◆ एजेंसी। नई दिल्ली.
www.navabharat.org

नेशलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता शरद पवार ने दावा किया था कि पीएम मोदी ने साथ काम करने का प्रस्ताव दिया था इस पर एनडीटीवी इंडिया से खास बातचीत करते हुए कहा कि यह पीएम मोदी की उदारता थी लेकिन मेरे पिता ने विनम्रतापूर्वक मना कर दिया था. उन्होंने कहा, मैं इस मीटिंग में नहीं थी. यह दो वरिष्ठों के बीच थी. यह पीएम मोदी की उदारता था कि उन्होंने ऐसा प्रस्ताव दिया. आपने पवार जी को सुना होगा कि उन्होंने क्या कहा- मैंने विनम्रतापूर्वक न कह दिया. सुप्रिया सुले ने आगे कहा, पवार जी सिर्फ मेरे पिता नहीं हैं वह मेरे बॉस भी हैं. और जैसा कि आप जानते हैं कि बॉस हमेशा सही होते हैं.

शरद पवार ने एक इंटरव्यू में यह दावा किया था मोदी ने मुझे साथ मिलकर काम करने का प्रस्ताव दिया था. मैंने उनसे कहा था कि हमारे निजी संबंध बहुत अच्छे हैं और वे हमेशा रहेंगे, लेकिन मेरे लिए साथ मिलकर काम करना संभव नहीं है.

भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान मुंबई
सामग्री प्रबंधन कमान कवर्ड, मुंबई - ४०००७६

विज्ञापन सं. एएमसी - १९/१९-२०

ई-निविदा सूचना

आईआईटी मुंबई के पंजीकृत विक्रेताओं से ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से निम्नलिखित निविदा के लिए डिजिटल हस्ताक्षरित भौतिकान्वित निविदा आमंत्रित की जाती हैं:

अनु. क्र.	वस्तुओं का वर्णन	मात्रा	तय तिथी
१.	ॲबसॉपशन डिसॉपशन सेटअप (आरएफएक्स नं.: ६१००००२३५)	०१	२६.१२.२०१९
२.	सॉईल प्रेशर ट्रान्सडयूसर (आरएफएक्स नं.: ६१००००२३७)	०१	२७.१२.२०१९

इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं को वेबसाइट https://portal.iitb.ac.in/vrp/index.jsp पर स्वयं को पंजीकृत करने की आवश्यकता है ताकि उपयोगकर्ताओं को आईडी और पासवर्ड प्राप्त हो सके। विवरण : www.iitb.ac.in या www.iitb.ac.in/en/tenders अन्य पृष्ठताक के लिए, संयुक्त कुलसचिव (सा.प्र.), फोन : ०२२-२५७६८८००, ई मेल : drmm@iitb.ac.in या srm@iitb.ac.in

दिनांक : ०४ दिसंबर, २०१९ संयुक्त कुलसचिव (सा. प्र)

गिरती अर्थव्यवस्था पर शत्रुघ्न का मोदी पर निशाना

◆ एजेंसी। नई दिल्ली.
www.navabharat.org

देश की लगातार घटती आर्थिक विकास दर और जीडीपी को लेकर हाल ही में, पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आर्थिक मोर्चे पर मोदी सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत गंभीर संकट में है और मांग लुप्त होती दिख रही है. उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार ऐसी उत्साह की बातें करके लोगों को मूर्ख बना रही है कि अगली तिमाही या फिर उसके बाद ही तिमाही में आर्थिक हालात बेहतर हो जाएंगे. अब देश की गिरती अर्थव्यवस्था पर एक्टर और पॉलिटिशियन शत्रुघ्न सिन्हा ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है. गिरती अर्थव्यवस्था पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए ट्विटर हैंडल से लिखा, सर, केंद्र और राज्य सरकार में अपने प्रदर्शन और समस्याओं को नजरअंदाज करना आपकी मदद नहीं करेगा. यशवंतसिन्हा ने ठीक ही कहा है कि सिर्फ अर्थव्यवस्था का ही संकट नहीं बल्कि लोग भी इस संकट से जूझ रहे हैं. सर, आपकी जानकारी, सूचना, प्रसारण, एक्शन के लिए. शत्रुघ्न सिन्हा केवल एक ट्वीट करके ही चुप नहीं हुए. उन्होंने एक और ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, प्रतिक्रिया, कभी तो बोलिए सर.

शत्रुघ्न आगे लिखा, प्लीज सर अपनी पार्टी ट्रोल को लोगों को नीचा दिखाने की जगह, सही चाल और सही लोगों के लिए रखें. वहीं, आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में गिरकर 4.5 प्रतिशत पर आ गई है. यह आर्थिक वृद्धि दर का छह साल से ज्यादा का निचला स्तर है. यशवंत सिन्हा ने कहा, तथ्य यह है कि हम गंभीर संकट में हैं. अगली तिमाही या फिर उसके बाद की तिमाही बेहतर होगी यह सब सिर्फ खोखली बातें हैं, जो पूरी होने वाली नहीं है. बार-बार यह कहकर सरकार लोगों को मूर्ख बनाने की कोशिश कर रही है कि अगली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर बेहतर हो जाएगी.

बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट को टालने की समीक्षा

मुंबई. ए. महाराष्ट्र सरकार के मंत्री जयंत पाटिल ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि राज्य पर 4 लाख 71 हजार करोड़ रुपये के कर्ज को देखते हुए क्या बुलेट ट्रेन जैसी परियोजनाओं को टाला जा सकता है.

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन समेत राज्य में जारी सभी विकास परियोजनाओं की समीक्षा करने का आदेश दिया है. पाटिल का यह बयान इसके बाद आया है. पाटिल ने एक टीवी चैनल से कहा- राज्य पर चार लाख 71 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है. हमलोग इस बात की समीक्षा कर रहे हैं कि राज्य के विकास के लिए कौन सी परियोजना महत्वपूर्ण है और क्या बुलेट ट्रेन जैसी परियोजनाओं को बाद के चरण के लिए रखा जा सकता है. ह्लह्लउन्होंने कहा कि इस परियोजना की व्यवहार्यता और राज्य सरकार को इसके लिए कितने पैसे चुकाने होंगे इस पर विचार करने के लिए सरकार ने एक बैठक बुलायी है. बुलेट ट्रेन परियोजना को किसानों और आदिवासियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके लिए उनकी भूमि का अधिग्रहण होना है.

MCL Coal India

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला-768020, जिला : सम्बलपुर, ओडिशा
फोन (EPABX) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

ई-निविदा सूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएँ, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल (http://coalindiatenders.nic.in) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (http://eprocure.gov.in) पर भी देखा जा सकता है । परवर्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइटस को देखें ।

क्र. सं.	निविदा आईडी	कार्य/सेवा का नाम	निविदा मूल्य ₹
1	2019_MCL_156575_1	Hiring of three(03) nos. of Bolero/ Sumo or equivalent covered vehicle(6 plus 1 seater) with AC fitted (Diesel) for 24 hours duty for a period of two years for Bairam OCP, Hingula Area(Duty in mines).	5537468.00
2	2019_MCL_156835_1	PROCUREMENT OF TRACK TENSIONER GREASE SEALS FOR TATA-1200(38)	81608.00
3	2019_MCL_156740_1	AMC for operation and supervision of different crushers and conveyor chutes, vibrating screens, pumps etc of CHP of Jagannath Colliery for two years	4213876.00
4	2019_MCL_156752_1	Operation of Main Coal face sump pumps for a period of two years at Jagannath OCP, Jagannath Area	2716253.00
5	2019_MCL_156812_1	Repairing of iron scrap yard Iron doors of aluminum and copper scrap room and other repair of steel yard etc at Regional store of CWS(X)Talcher (Re Tender)	524674.00
6	2019_MCL_156852_1	Day to day maintenance of lawn and up-keeping of GM Bunglow (D3 at Dera) of Hingula Area.	654040.00
7	2019_MCL_156875_1	Spraying of water through water tanker in Coal Corridor Road from Baidya Sahi Chawk to old Saraswati Sishu Mandir Chawk under Bhubaneswar OCP, Jagannath Area.(For a period of 180 days)(Re-tender)	923749.00
8	2019_MCL_156955_1	Hiring of one no. AC running covered jeep (Bolero or equivalent) seating capacity 6 plus 1 on 12 hrs duty basis with deployment of one no. of driver having staggered rest max run 2500 km/month for 02 yrs (682 days) for GM Secretariat, Lakhanpur Area	921382.00
9	2019_MCL_156933_1	Supply of spares for Motor Grader BG825 at Lingaraj OCP (Exclusively for OEM/OPM/OES)	526162.00
10	2019_MCL_156873_1	Providing RCC sign boards and miscellaneous development works in front of entrance gate of Jagruti Vihar township, MCL HQ, Sambalpur.	2010130.00
11	2019_MCL_156876_1	Repairing, rewiring, partial wiring, replacement of damaged electrical towards maintenance and repair accessories at different type of residential Quarters and non residential buildings of Jagannath Colony as and when required for a period of 01 year	1171475.00
12	2019_MCL_156891_1	AMC for Cleaning of spillage coal in and around all the circuits of Coal Handling Plant and RIC Unit of Jagannath OCP of Jagannath Area for a period of one year	5408731.00
13	2019_MCL_156946_1	Providing GOAB and Drop out fuse arrangement to different locations of existing 11kV overhead line from Balanda Substation to Ananta Vihar Colony Sub-station of Ananta OCP of Jagannath Area	603322.00
14	2019_MCL_157033_1	Providing street lighting at Quarry no. 6 new diversion road from Khaliapali side to Ubuda of Lakhanpur OCP, Lakhanpur Area, MCL	1353800.00
15	2019_MCL_157021_1	Procurement of Top Brackets and Stool Post for 1000 mm Belt Conveyor. (As per Drawing enclosed)	1012204.00
16	2019_MCL_157020_1	PROCUREMENT OF SPARES FOR TRAVEL DEVICE OF EX-1200 TATA HITACHI HYD. EXCAVATOR FOR CWS_TALCHER.	1073120.00
17	2019_MCL_156995_1	Partition Work of Existing Shed behind canteen for establishment of Innovation Cell and misc. other works at MCL HQ.	334054.00
18	2019_MCL_157054_1	Up-keeping of residential area of Anand Vihar Township for Two years MCL, HQ.	13054015.00
19	2019_MCL_156694_1	PROCUREMENT OF DIFFERENT SIZE OF GLAND PACKING	526440.00
20	2019_MCL_156699_1	PROCUREMENT OF SPARES FOR ZOOMLIN ZD-320 DOZER	258222.00
21	2019_MCL_156705_1	PROCUREMENT OF EQUALISING GEAR FOR VISHWA MAKE DRIVE HEAD	461567.00
22	2019_MCL_157064_1	DEPLOYMENT OF COURIER SERVICES AT MCL JAGANNATH AREA	630125.00
23	2019_MCL_157043_1	Re - Tender - Drilling of 03 nos. Large dia(650/600 mm) borehole(20 inch finished dia - boreholes) for dewatering at L-1 area, G-1/H-1 area and Drift Bottom section of Talcher Colliery	7335365.00
24	2019_MCL_157105_1	Supply of Diesel Additive for HEMM at Lingaraj OCP	566400.00
25	2019_MCL_156952_1	Annual maintenance of lawn and garden of D-06 quarter at BIT of Lakhanpur Area.(for two years)	903744.00
26	2019_MCL_156977_1	Spraying of water over road from out check post to junction of NH-49 at LKP OCP of Lakhanpur Area.(2nd Re-tender)	4416560.00
27	2019_MCL_156982_1	Spraying of water over coal transportation road from Milan Chowk to Charla siding at LKP OCP of Lakhanpur Area (3rd Re-tender).	3180052.00
28	2019_MCL_157027_1	Procurement of Portable Fire Extinguisher for regional store MCL Talcher Area.	211000.00
29	2019_MCL_157057_1	Hiring of one no. AC running covered jeep (Bolero or equivalent) seating capacity 6 plus 1 on 12 hrs duty basis with deployment of one no. of driver having staggered rest max run 2500 km/month, for 02 yrs (682 days) for GM Secretariat, Lakhanpur Area	921382.00
30	2019_MCL_157122_1	Underground Construction of 16 Nos. of RCC Isolation Stoppings in Section-1 of Lajkura Seam for Sealing all three sections in north flank from 1L to 20L at 2nd phase of Orient Colliery Mine No-3, OSA, OA, MCL	4705467.00
31	2019_MCL_157081_1	Supply of UNIFORM AND SHOES FOR SECURITY GUARDS	358917.00
32	2019_MCL_157087_1	SUPPLY OF FIRE RESISTANT fast moving hoses for BD355 Dozer	272963.00
33	2019_MCL_157091_1	SUPPLY OF FIRE RESISTANT HOSES FOR BEML WATER TANKER AND DUMPERS	198596.00
34	2019_MCL_157093_1	SUPPLY OF Air conditioner refrigerant gas for HEMMs	69850.00
35	2019_MCL_157126_1	Underground Construction of 13 Nos. of Ventilation Stoppings (07 Nos. in Section-1 and 06 Nos. in Section-4 of Lajkura Seam) to prevent short circuit of intake air for proper ventilation at Orient Colliery Mine No-3, OSA, OA, MCL	1624187.00
36	2019_MCL_157181_1	Underground Re-plastering of Sectionalisation Stoppings of 12LS, 16LS, 22LS, 29LS, 35LS, 44LS, 52LS, 29LN, 38LN, 52LN and 58LN paneis in Section-1 and 29LN, 38LN, 44LS and 52 LS in Section-2 of Lajkura Seam at Orient Colliery Mine No-3, OSA, OA, MCL	1404302.00
37	2019_MCL_157071_1	Replacement of damaged wall tiles at DAV School at BIT, Lakhanpur Area. (against Risk and Cost tender)	738770.00
38	2019_MCL_157140_1	Renovation of Quarter no D-10 inside GM Complex colony of IB Valley Area.	335645.00
39	2019_MCL_157158_1	Drinking water supply through water tanker to different villages of BRJN Municipality Area under IB Valley Area for the year 2020 during summer season for 75 days(under CSR head).	291077.00
40	2019_MCL_157166_1	Supply of drinking water to water scarcity villages nearby SOCP during summer season 2020 under CSR scheme of IB Valley Area for 90 days.	671014.00
41	2019_MCL_157187_1	Water supply through tanker to Madhuban nagar,Sanjob,Khadiapada and Buropada for one year except rainy season for 2020 and water supply to IB Pit,Nalla Pada,Luhar Pada,Mundapada and Kishan Pada of Chouakani Village during summer 2020 under LOCP of IB	582330.00
42	2019_MCL_157222_1	Underground Construction of 20 Nos. of RCC Sectionalisation Stoppings (17 Nos. at Section-4 and 03 Nos. at Section-2 of Lajkura Seam) to Sectionalize Main Dip Developed workings in Section-4 below 40L at Orient Colliery Mine No-3, OSA, OA, MCL	6839258.00
43	2019_MCL_153812_1	Procurement of shot firing cable for Nandira Colliery MCL Talcher Area.	56640.00
44	2019_MCL_157176_1	Shifting /diversion, Inspection and to handover to WESCO UTILITY of 11KV grade HT over head line, Jurabaga feeder in Ubuda (karlajuri) at Quarry no. 6 of Lakhanpur OCP, Lakhanpur Area.	1671677.00
45	2019_MCL_157234_1	Engaging 03 Nos. of highly skilled and 03 Nos. of skilled manpower for operation of LnT Surface Miner No. 24 daily for a period of 90 days at Lingaraj OCP, Lingaraj Area.	506250.00
46	2019_MCL_157271_1	Supply of Boom breaker Assembly for feeder breaker at Lingaraj OCP(Exclusively for OEM)	4891721.00
47	2019_MCL_154543_1	Procurement of wooden tables for SCBAs for MRS TA	52200.00
48	2019_MCL_157352_1	Supply of Seal Kits for TATA EX1200 and ZX450 Hyd excavator at Lingaraj OCP (Exclusively for OEM/OPM/OES)	547998.00
49	2019_MCL_157395_1	Development of Ananta Vihar and Ghantapada junction by providing CC road, drain and HP culvert under Jagannath Area.	1584470.00
50	2019_MCL_157434_1	Profile Correction of Coal Corridor Road passing through Jagannath Colliery under Jagannath Area.	2978003.00
51	2019_MCL_157441_1	Upkeeping of Project Office for a period of 02(two) years at Bhubaneswari OCP under Jagannath Area.	868045.00

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोन : 0663-2542695/2542264, ई-मेल : hlp-eproc.mcl@coalindia.in) R-4955

हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 200 3004 पर एक मिस्ड कॉल दें ।

मस्जिद के लिए 5 एकड़ जमीन तलाशने में जुटी योगी सरकार

◆ एजेंसी। लखनऊ/अयोध्या.
www.navabharat.org

अयोध्या में नई मस्जिद बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक दी जाने वाली पांच एकड़ जमीन के प्रस्ताव को मुस्लिम पक्षकार मंजूर करेगा या नहीं, यह तस्वीर अभी तक साफ नहीं है. इसके बावजूद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मस्जिद के लिए पांच एकड़ जमीन तलाशने की कवायद में जुट गई है. योगी सरकार ने मस्जिद के लिए अयोध्या में ही तीन जगह भी चिन्हित की है.

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से ही योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने मस्जिद के लिए 5 एकड़ जमीन अयोध्या में खोजनी शुरू कर दी थी. इस कड़ी में योगी सरकार ने मस्जिद के लिए तीन जगह चिन्हित की हैं. इसमें एक जगह डाभासेमर में नवोदय विद्यालय के सामने, दूसरी जमीन मलिकापुर प्राइमरी स्कूल के पास चिन्हित की गई है. तीसरी जगह चांदपुर हरिवंश के पास देखी गई है. ये तीनों जगह अयोध्या सीमा क्षेत्र में हैं.

अयोध्या में तीन जगह चिन्हित

अयोध्या जमीन विवाद पर 9 नवंबर को कोर्ट ने फैसला सुनाया था

अयोध्या जमीन विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया. अयोध्या में यह विवाद दशकों से चला आ रहा था. पूर्व चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अगुवाई में पांच जजों की बेंच ने फैसला सुनाते हुए विवादित जमीन रामलला विराजमान को देने का आदेश दिया था. जबकि, कोर्ट ने सुन्नी वक्फ बोर्ड को मस्जिद बनाने के लिए अयोध्या में ही अलग जगह 5 एकड़ जमीन देने का आदेश दिया था.

जमीन पर समाज अब तक एकमत नहीं

मस्जिद के लिए पांच एकड़ जमीन लेने पर अभी मुस्लिम समुदाय एकमत नहीं है. अयोध्या मामले से जुड़े पक्षकारों में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से जुड़े हुए पक्षकार ने साफ तौर पर 5 एकड़ जमीन न लेने का फैसला किया. अयोध्या मामले से जुड़े मुख्य पक्षकार हाशिम अंसारी के बेटे इकबाल अंसारी जमीन लेने के पक्ष में हैं, लेकिन वह 67 एकड़ जमीन में से ही मस्जिद के लिए भूमि चाहते हैं. वहीं, सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड अभी तक जमीन लेने के मुद्दे पर फैसला नहीं कर सका है.